SYNERGY

BSES
BSES Yamuna Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

अप्रैल – 2016

बिजली की दिक्कत हो, तो यहां बताएं

टेलीफोनः 399–99–808

अपने रजिस्टर्ड फोन नंबर से 399–99–808 पर फोन करें, बिजली गुल के लिए 1 दबाएं, और आईवीआरएस आधारित सेवाओं के लिए ऑप्शन 2 चुनें। आपका अनुरोध अपने आप ही रजिस्टर्ड हो जाएगा। अगर आप किसी रजिस्टर्ड नंबर से कॉल नहीं कर रहे हैं, तो कृपया अपना सीए नंबर पंच करें, आपकी रिक्वेस्ट स्वतः रजिस्टर हो जाएगी।

एसएमएसः 5616108

टाइप करें–बीएसईएस वाईपी, स्पेस दें, NC (No Current) लिखें, स्पेस दें, नौ अंकों वाला सीए नंबर टाइप करें (BSESYP—NC—CA No) और 5616108 पर भेज दें।

मोबाइल ऐप

www.bsesdelhi.com / Google Play से डाउनलोड करें। उसके बाद ऐप पर क्लिक करें, नौ अंकों वाला सीए नंबर डालें और सेवा का चयन कर अनुरोध / शिकायत दर्ज करें।

बीवाईपीएल ने सेलिब्रेट किया विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस

अपने 15 लाख उपभोक्ताओं के अधिकारों को सम्मान देते हुए, बीवाईपीएल ने 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस को सेलिब्रेट किया। बीवाईपीएल के सभी ऑफिसों में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया गया। बीवाईपीएल ने इस दिन कंज्यूमर फर्स्ट यानी उपभोक्ता सबसे पहले का नारा देते हुए, खुद को उपभोक्ताओं के प्रति फिर से समर्पित किया है।

स्ट्रीट लाइट शिकायतों के लिए हेल्पलाइन – 41999808

बीवाईपीएल स्ट्रीट लाइट शिकायतों व आपातकालीन सेवाओं के लिए अलग से एक हेल्प लाइन सेवा मुहैया करा रही है। इस पर स्ट्रीट लाइट, बिजली के करंट व बिजली से लगी आग की शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है। टेलीफोन नंबर है– 41999808 । यह सेवा सप्ताह के सातों दिन और दिन के चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी।

इस सेवा से पूर्वी और मध्य दिल्ली के 15 लाख बीवाईपीएल उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। वैसे, उपभोक्ताओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 399 99 808 पहले से ही मौजूद है, जहां वे बिजली संबंधी अन्य शिकायतों के साथ–साथ वे स्ट्रीट लाइट संबंधी शिकायतें भी दर्ज करा सकते हैं। पूर्ण समर्पित नए नंबर की सुविधा उन्हें अलग से दी गई है।

बीएसईएस मोबाइल ऐप पर डोर स्टेप सर्विस का लाभ उठाएं

आपकी सुविधा के लिए, बीएसईएस ने अपने मोबाइल ऐप को अपग्रेड किया है। इस ऐप की सहायता से अब आप, बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराने के अलावा, निम्नलिखित चीजें भी कर सकते हैं:

- विभिन्न सेवाओं के लिए रजिस्टर करें, जैसे–नए कनेक्शन लेना, नाम में बदलाव करवाना, लोड बढ़वाना / घटाना, पते को सही करवाना और नए कनेक्शन के लिए किए गए आवेदन की स्थिति जानना
- **माय अकाउंट** का इस्तेमाल कर बिल का विवरण और वर्तमान बिल देखें, बिल का भुगतान करें, पिछले पांच बिलों को उनके भुगतान विवरण के साथ डाउनलोड करें और वर्तमान बिल को भी पीडीएफ में डाउनलोड करें।
- ऊर्जा संरक्षण, बिजली सुरक्षा, आदि महत्वपूर्ण विषयों पर सूचनाएं पाएं।

यह मोबाइल ऐप www.bsesdelhi.com पर कस्टमर सपोर्ट सेक्शन में जाकर, या फिर, गूगल प्ले से डाउनलोड किया जा सकता है (सर्च BSES/BSES App)। फिलहाल सिर्फ एंड्रॉयड फोन के लिए उपलब्ध है।

क्यों होती है बिजली गुल!

बीवाईपीएल अपने 15 लाख ग्राहकों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन, कुछ कारणों की वजह से हमारे प्रयास बाधित होते हैं, जिनमें से कुछ हमारे नियंत्रण में नहीं हैं। ये निम्नलिखित हैं–

(1) ग्रिड में लो फ्रिकेवेंसी (2) बिजली उत्पादन इकाइयों में उपकरणों का ब्रेकडाउन (3) ट्रांसमिशन लाइनों और उपकरणों में क्षमता संबंधी बाधाएं व ब्रेकडाउन (4) बिजली चोरी की वजह से बिजली वितरण सिस्टम में ट्रिपिंग व खराबी (5) अवैध व अनाधिकृत कब्जों की वजह से वितरण स्तर पर ब्रेकडाउन होना (6) लोकल फॉल्ट्स और (7) सिस्टम में सुधार हेतु, मरम्मत व रख–रखाव कार्यों के लिए योजनाबद्घ तरीके से शटडाउन।

बीएसईएस अनाधिकृत निर्माण करने वाले लोगों से अपील करती है कि वे बिजली नेटवर्क और मेन्स के पास से सभी गैर कानूनी व अनाधिकृत निर्माण हटा लें।

बिजली के मीटर को घर से बाहर शिफ्ट करवाएं, सुरक्षित रहें

सुरक्षा कारणों से आपसे अनुरोध है कि अपने बिजली मीटर को घर से बाहर, किसी आसान पहुंच वाली व कॉमन जगह पर लगवाएं। मीटर शिफ्ट करवाने के लिए बीवाईपीएल के हेल्पलाइन नंबर 399–99–808 पर फोन करें, और 3 दबाएं।

बिजली मीटर को घर से बाहर शिफ्ट करवाने के फायदेः

- खुद को मीटर रीडर बताकर घरों में घुसने और लूटपाट व ठगी करने की घटनाओं पर अंकुश लगेगा।
- मीटर तक मीटर रीडरों की पहुंच होगी, जिससे अस्थायी बिलों के मामले में कमी आएगी।
- मीटर में स्पार्किंग होने या अन्य आपातकालीन स्थितियों में बिजली कर्मियों के लिए मीटर तक पहुंचना आसान रहेगा।
- उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली मिलेगी और नेटवर्क में खराबी के कारण बिजली गुल नहीं होगी।

फीडबैक

अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस
बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली–110032, सीआईएनः U74899DL2001PLC111525
फोनः 011-399-97-111/399-99-273,
ईमेलः Bypl.Feedback@relianceada.com, वेबसाइटः www.bsesdelhi.com

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली – 110032 के लिए, फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारामुद्रित